दिनांक 24.07.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अवैध पोस्टर/होर्डिंग हटाने निगम ने चलाया अभियान, विभिन्न स्थानों से हटाए गए होर्डिंग एवं पोस्टर

भिलाई नगर / शहर के शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों में लगे हुए अवैध होर्डिंग/पोस्टर को हटाने के लिए भिलाई निगम ने अभियान छेड़ दिया है। आज आज कालीबाड़ी से भगवा चौक एवं मुख्य मार्गो से होर्डिंग एवं पोस्टर निकाले गए। इसके लिए जोन क्षेत्र के सहायक राजस्व अधिकारी अपने टीम के साथ मिलकर एवं आवश्यक संसाधनों के साथ शहर का निरीक्षण करते हुए अवैध पोस्टर व होर्डिंग को हटाने की कार्रवाई कर रहे है। मुख्य रूप से विद्युत पोल एवं डिवाइडर तथा सड़को के किनारे लगे हुए अवैध पोस्टर/होर्डिंग को प्राथमिकता के तौर पर हटाया जा रहा है। लगाने वालो से सम्पर्क कर कड़ी हिदायत भी दी जा रही है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने राजस्व विभाग को इस पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये है। निर्देश के परिपालन में प्रत्येक जोन के राजस्व विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध पोस्टर/होर्डिंग को हटाने के लिए अभियान चला रहे है। जिसके चलते आज शहर से अवैध पोस्टर/होर्डिंग हटने लगे है , अवैध तरीके से लगाये हुए पोस्टर/होर्डिंग के कारण शहर की सुंदरता पर भी प्रभाव पड़ता है , वही एक्सीडेंट की संभावनाये भी बड़ जाती है , आवागमन में भी लोगो को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन सभी कारणों से अवैध होर्डिंग/पोस्टर पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है तथा जुर्माना भी वसूल किया जा रहा है। इसके साथ ही लगाने वालो को चेतावनी भी दी जा रही है। मुख्य सड़कों से तथा कालीबाड़ी से भगवा चौक तक संपत्ति विरूपण की कार्रवाई करते हुए बैनर पोस्टर एवं होर्डिंग हटाए गए।